पृथ्वी की हैटट्रिक से एमरल्ड हाइट्स सेमीफाइनल में

इंदौर : पृथ्वी सिंह ठाकुर की हैटट्रिक की मदद से मेजबान एमरल्ड हाइट्स इंटरनेशनल स्कूल ने जिला स्तरीय एमरल्ड कप फुटबॉल स्पर्धा के अंतिम चार में अपनी जगह पक्की कर ली है। पृथ्वी हर मैच में गोलों की झड़ी लगाते हुए स्पर्धा के सबसे ज्यादा गोल करने वाले फॉरवर्ड हैं और गोल्डन बूट की दौड़ में सबसे आगे हैं। राउ स्थित स्कूल परिसर में आयोजित टूर्नामेंट में मंगलवार को पहले क्वार्टर फाइनल मुकाबले में लॉरेल्स स्कूल ने मिलेनियम स्कूल को एकतरफा अंदाज में 5-0 से हराया। विजेता टीम की ओर से शुभम ने दो गोल किए जबकि मैत्री, आदित्य और विराज ने एक-एक गोल कर टीम की जीत सुनिश्चित की। दूसरे क्वार्टर फाइनल में मेबान एमरल्ड हाइट्स स्कूल ने सेंट अर्नाल्ड स्कूल को 5-0 से करारी शिकस्त दी। एमरल्ड हाइट्स की ओर से पृथ्वी सिंह ठाकुर ने हैटट्रिक बनाते हुए तीन गोल दागे। रियांश हैटट्रिक तो नहीं बना सके, लेकिन उन्होंने दो गोल दागते हुए जीत में अहम योगदान दिया। तीसरे क्वार्टर फाइनल में डीपीएस निपानिया और सन्मति हायर सेकंडरी स्कूल के बीच मुकाबला निर्धारित समय तक 2-2 की बराबरी पर रहा। इसके बाद फैसले के लिए टाइब्रेकर का सहारा लेना पड़ा, जिसमें डीपीएस निपानिया ने 4-2 से जीत दर्ज कर अंतिम चार में अपनी जगह पक्की की। डीपीएस की ओर से ध्रुव और हर्ष ने एक-एक गोल किया जबकि सन्मति स्कूल की ओर से आदित्य और हर्ष ने एक-एक गोल दागे। चौथे क्वार्टर फाइनल में एमरल्ड हाइट्स बी-टीम ने शिशुकुंज स्कूल को 2-0 से हराया। विजेता टीम की ओर से रिचर्ड और रुद्र वर्मा ने एक-एक गोल किया।

भारतीय क्रिकेट टीम के सहायक कोच का पद छोड़ सकते हैं मोर्कल, टेन डोशेट

मुम्बई (ई)। इंग्लैंड दौरे के बाद भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम के कोचिंग स्टाफ में बदलाव होने की संभावना है। एक रिपोर्ट के अनुसार इस दौरे के बाद तेज गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल और सहायक कोच रयान टेन डोशेट कोचिंग स्टाफ से अलग हो सकते हैं। इसी कारण ये दोनो ही भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के साथ बातचीत में लगे हुए हैं। कहा जा रहा है कि अब ये दोनो ही अपने पदों से इस्तीफा दे सकते हैं, जिससे भारतीय टीम के कोचिंग स्टाफ में बदलाव होना तय है।

मध्यप्रदेश हॉकी अकादमी के चार खिलाड़ी भारतीय टीम में शामिल, मस्कट में दिखाएंगे दम

भोपाल(ई)। मध्यप्रदेश राज्य हॉकी अकादमी के चार खिलाड़ियों का चयन यूथ हॉकी5ह्य एशियन चैंपियनशिप-2026 के लिए भारतीय टीम में हुआ है। प्रतियोगिता 20 से 25 जुलाई तक मस्कट (ओमान) में आयोजित होगी। पुरुष वर्ग में गोलकीपर आयुष रजक और करण गौतम, जबकि महिला वर्ग में गोलकीपर महक परिहार और फॉरवर्ड नौशीन नाज़ भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे। चारों खिलाड़ियों का चयन प्रदेश की खेल अकादमियों में उत्कृष्ट प्रशिक्षण और प्रतिभा संवर्धन का प्रमाण माना जा रहा है। हाल ही में जापान में आयोजित अंडर-18 एशिया कप-2026 में भी इन खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया था। पुरुष टीम ने स्वर्ण पदक जीता, जबकि महिला टीम ने कांस्य पदक अपने नाम किया। महिला खिलाड़ी नौशीन नाज ने पूरे टूर्नामेंट में 12 गोल कर शीर्ष स्कोरर बनने का गौरव हासिल किया। खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने सभी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए विश्वास जताया कि वे मस्कट में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर भारत और मध्यप्रदेश का नाम रोशन करेंगे।

श्रेयस अय्यर की कप्तानी अभी खतरे में नहीं : अभिषेक नायर

मुम्बई (इ)। आईपीएल टीम कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के कोच अभिषेक नायर ने कहा है कि आयरलैंड और इंग्लैंड के खिलाफ लगातार हार से टीम के कप्तान श्रेयस अय्यर की नेतृत्व क्षमता पर सवाल उठे हैं पर कहा कि उनकी कप्तानी को अभी कोई खतरा नहीं है। भारतीय टीम को आयरलैंड के खिलाफ दो मैचों की टी20 सीरीज में 2-0 से करारी हार का सामना करना पड़ा। इसके बाद उसे मेजबान इंग्लैंड ने भी 4-0 से हरा दिया। इन हारों के बाद नायर ने कहा कि जब आप किसी को एक चैंपियन टीम की कप्तानी सौंपते हैं, तो आप उसे अपनी टीम चुनने की आजादी भी देना चाहते हैं।

जेडेन की घातक गेंदबाजी से न्यूजीलैंड ने वेस्टइंडीज को पांच विकेट से हराया

गुयाना (ई)। जेडेन लेनॉक्स की घातक गेंदबाजी से न्यूजीलैंड ने दूसरे एकदिवसीय क्रिकेट मुकाबले में वेस्टइंडीज को पांच विकेट से हरा दिया। इस जीत के साथ ही न्यूजीलैंड ने सीरीज में 1-1 से वापसी की है क्योंकि पहला मैच वेस्टइंडीज ने जीता था। इस दूसरे मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए वेस्टइंडीज की टीम केवल 138 रन ही बना पायी। इसके बाद मिले जीत के लिए मिले लक्ष्य को न्यूजीलैंड ने आसानी से हासिल कर लिया। इस हार वेस्टइंडीज की कमजोर बल्लेबाजी की पोल खुल गयी।मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए कैरेबियाई टीम 36 ओवर में सिर्फ 138 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। केवल जॉन कैम्पबेल ही 43 रन बना पाये। इसके अलावा कोई भी अन्य बल्लेबाज मैच में टिक नहीं पाया। न्यूजीलैंड की जीत में युव तेज गेंदबाज जेडेन की मुख्य भूमिका रही।

अक्षर के ऑलराउंड प्रदर्शन से भारत जीता

57 रन बनाने के साथ 4 विकेट लिए, गिल-वाशिंगटन की फिफ्टी ; इंग्लैंड 6 विकेट से हारा

बर्मिंघम (एजेंसी)। अक्षर पटेल के ऑलराउंड प्रदर्शन से भारत ने पहला वनडे 6 विकेट से जीत लिया। बर्मिंघम के एजबेस्टन में 259 रन का पीछा करते हुए भारत ने 45.2 ओवर में 4 विकेट पर 262 रन बनाकर मैच अपने नाम कर लिया।

अक्षर ने नाबाद 57 रन बनाए। कप्तान शुभमन गिल ने 80 रन की पारी खेली। वे क्रैम्प्स के कारण रिटायर्ड हर्ट हुए। वॉशिंगटन सुंदर ने भी नाबाद 52 रन की पारी खेली। भारत की शुरुआत अच्छी नहीं रही। रोहित शर्मा (11) और विराट कोहली (5) जल्दी आउट हो गए। इसके बाद गिल और श्रेयस अय्यर (35) ने तीसरे विकेट के लिए 101 रन जोड़े। श्रेयस रनआउट हुए और केएल राहुल बोल्ड हो गए। इसके बाद अक्षर और वॉशिंगटन ने पांचवें विकेट के लिए 102 रन की साझेदारी कर टीम को जीत तक पहुंचाया। इससे पहले जो रूट (76) और लियाम डॉसन (68) की पारियों की बदौलत इंग्लैंड ने 47.5 ओवर में 258 रन बनाए। इंग्लैंड ने 61 रन तक कोई विकेट नहीं गंवाया था, लेकिन इसके बाद 19 रन के भीतर 5 विकेट खो दिए। रूट और डॉसन ने छठे विकेट के लिए 121 रन जोड़कर टीम को 258 के स्कोर तक पहुंचाया। भारत की ओर से अक्षर पटेल ने 4 विकेट लिए। प्रसिद्ध कृष्णा और गुस्नूर बरार को 2-2 विकेट मिले। जसप्रीत बुमराह और शिवम दुबे ने 1-1 विकेट लिया।

प्लेइंग-11

भारतः रोहित शर्मा, शुभमन गिल (कप्तान), विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, वॉशिंगटन सुंदर, केएल राहुल (विकेटकीपर), शिवम दुबे, अक्षर पटेल, हरनूर बरार, जसप्रीत बुमराह, प्रसिद्ध कृष्णा। इंग्लैंड :बेन डकेट, जैकब बेथेल, जो रूट, हैरी ब्रूक (कप्तान), जोस बटलर (विकेटकीपर), सैम करन, विल जैक्स, जोफ्रा आर्चर, लियाम डॉसन, जोश टंग, आदिल रशीद।

-ऑल इंडिया आइपीएससी शतंरज टूर्नामेंट का शुभांरभ

शतरंज की बिसात पर एमरल्ड हाइट्स के खिलाड़ी छाए

इंदौर : देशभर के स्कूली खिलाड़ी पढ़ाई की टेबल से उठकर खेल की टेबल पर अपने दिमाग की परीक्षा देने इंदौर में इकट्ठा हुए। प्रतिष्ठित ऑल इंडिया आइपीएससी शतरंज स्पर्धा में चौसठ खानों की जंग में श्रेष्ठ साबित होने के लिए खिलाड़ियों ने जमकर दिमागी घोड़े दौड़ाए। मेजबान इंदौर के खिलाड़ियों ने शुरुआती दिन अपनी प्रतिभा का परिचय देते हुए बढ़त हासिल की।

स्थानीय एमरल्ड हाइट्स इंटरनेशनल स्कूल की मेजबानी में आयोजित इस टूर्नामेंट में अंडर-14, अंडर-17 और अंडर-19 आयु वर्ग में टीम व व्यक्तिगत मुकाबले हो रहे हैं। स्पर्धा का शुभारंभ स्कूल के निदेशक मुक्तेश सिंह चाल चलकर किया। इस दौरान खेल अधिकारी अकरम खान सहित सभी टीमों के खिलाड़ी और अधिकारी भी मौजूद थे। शतरंज स्पर्धा में अंडर-14 बालक वर्ग में स्विस लीग पद्धति से चार दौर के मुकाबले खेले गए। इंदौर के द एमरल्ड हाइट्स इंटरनेशनल स्कूल ने अजमेर के मेयो कॉलेज की टीम को एकतरफा अंदाज में 4-0 से पराजित किया। दिल्ली के मॉडर्न स्कूल ने इंदौर के डेली कॉलेज की टीम को 4-0 से पराजित किया। वहीं दिल्ली के डीपीएस ने नोएडा के जेनेसिस ग्लोबल स्कूल को 0.5 -3.5 अंकों से हराया। दिल्ली के डीपीएस की टीम ने रायपुर के राजकुमार कॉलेज की टीम को 4-0 से पराजित किया। भोपाल के द संस्कार वैली स्कूल की टीम और सिक्किम के ताशी नामग्याल अकादमी का मुकाबला 2-2 अंकों से बराबरी पर समाप्त हुआ। अंडर-17 वर्ष बालक वर्ग के टीम मुकाबले में इंदौर के द एमरल्ड हाइट्स इंटरनेशनल स्कूल ने रायपुर के राजकुमार कॉलेज की टीम को आसानी के साथ 4-0 से पराजित किया। दिल्ली के डीपीएस की टीम ने ताशी नामग्याल अकादमी को आसानी से 3.5-0.5 से पराजित किया। दिल्ली के ही मॉडर्न स्कूल ने नोएडा के जेनेसिस ग्लोबल स्कूल को 4-0 से हराया। देहरादून के दून स्कूल ने अजमेर के मेयो कॉलेज की टीम को एकतरफा अंदाज में 4-0 से शिकस्त दी। मथुरा के डीपीएस ने सैनिक स्कूल को 4-0 से पराजित किया। राजकुमार कॉलेज ने एक अन्य मैच में द संस्कार वैली स्कूल को 4-0 से पराजित किया। अंडर-19 वर्ष बालक वर्ग के टीम मुकाबले में इंदौर के डेली कॉलेज ने अजमेर के मेयो कॉलेज को 2.5-1.5 से हराते हुए अपनी स्थिति मजबूत की। इंदौर के ही द एमरल्ड हाइट्स इंटरनेशनल स्कूल ने देहरादून के दून स्कूल को 3.5-0.5 से हराया। अन्य मैचों में दिल्ली के डीपीएस की टीम ने रायपुर के राजकुमार कॉलेज को 2.5-1.5 से पराजित किया। दिल्ली के मॉडर्न स्कूल ने सैनिक स्कूल को 4-0 से हराया।

ध्रुव और तनीशा की जोड़ी मिश्रित युगल में जीती

सिंधु जापान ओपन के दूसरे दौर में पहुंचीं

टोक्यो (ई)। भारतीय महिला बैडमिंटन स्टार पी वी सिंधु जापान ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के दूसरे दौर में पहुंच गयी हैं सिंधु ने मंगलवार को यहां हुए महिला एकल के एक अहम मुकाबले में मलेशिया की वोंग लिंग चिंग को सीधे गेमों में आसानी से हरा दिया। इसमें विश्व रैंकिंग में 10 वी वरीयता प्राप्त सिंधु ने 37वीं वरीयता प्राप्त वोंग को 21-14, 21-11 से हरा दिया। इस जीत के साथ उन्होंने टूर्नामेंट में अच्छी शुरुआत की है। सिंधु पूरे मैच के दौरान सहज और आत्मविश्वास से भरी रहीं और उन्होंने विरोधी टीम को कोई अवसर नहीं दिया।

सिंधु के अलावा भारत के ही ध्रुव कपिला और तनीशा क्रास्टो की जोड़ी ने मिश्रित युगल में जीत के साथ ही अगले दौर में जगह बनायी। इस जोड़ी ने स्कॉटलैंड के एलेक्जेंडर डन और जूली मैकफर्सन को 21-16, 21-14 से हराकर दूसरे दौर में प्रवेश किया। वहीं एक अन्य मुकाबले में भारत के ही रोहन कपूर और रुत्विका शिवानी की जोड़ी को हार का सामना करना पड़ा है। इस जोड़ी को शीर्ष वरीयता प्राप्त चीन के फेंग यान झे और हुआंग डोंग पिंग ने 11-21, 10-21 से हराया। एकल मुकाबले में सिंधु खेल की शुरुआत से ही हावी रहीं। उन्होंने 7-4 की शुरुआती बढ़त हासिल की। मलेशियाई खिलाड़ी वोंग ने वापसी के प्रयास किये पर असफल रही। मध्यांतर तक सिंधु 11-6 से आगे थीं। सिंधु ने खेल के साथ ही अपनी बढ़त को 14-9 तक पहुंचाया और अंत में पहला गेम 21-14 से अपने नाम किया। इसके बाद दूसरे गेम में भी सिंधु ने आक्रामक रणनीति अपनाते हुए और मलेशियाई खिलाड़ी को कोई अवसर नहीं दिया। उन्होंने तेजी से 8-2 की बढ़त बना ली, और मध्यांतर तक स्कोर 11-3 तक पहुंचा दिया। इसके बाद भी सिंधु ने अपनी बढ़त बनाए रखी और जल्द ही 10 मैच अंक हासिल कर लिए। भारतीय खिलाड़ी ने अपने दूसरे मैच अंक को हासिल करने के साथ ही मुकाबला 21-11 से जीतकर दूसरे दौर में प्रवेश किया।

भारतीय टेबल टेनिस ने रचा इतिहास, विश्व टॉप-10 में पहुंचीं तीन जोड़ियां

मानव ठक्कर-मानुष शाह बने दुनिया के नंबर-2, पहली बार पुरुष, महिला और मिश्रित डबल्स में भारत की एक साथ मौजूदगी

साइडशोर्ट में जी डैंस ओपन चैम्पियनशिप गोल्फ टूर्नामेंट में जीत हासिल करने के बाद ट्रॉफी के साथ पोज देते हुए। (फोटो-ईएमएस)

नई दिल्ली (ई)। भारतीय टेबल टेनिस ने मंगलवार को नई उपलब्धि हासिल की। अंतरराष्ट्रीय टेबल टेनिस महासंघ (आईटीटीएफ) की ताजा विश्व रैंकिंग में भारत की तीन जोड़ियां पुरुष, महिला और मिश्रित डबल्स में एक साथ शीर्ष-10 में पहुंच गई हैं।

यह पहली बार है, जब तीनों डबल्स वर्गों में भारत की मौजूदगी एक साथ विश्व के शीर्ष-10 में दर्ज हुई है। इस उपलब्धि की अगुआई मानव ठक्कर और मानुष शाह की जोड़ी ने की, जिसने पुरुष डबल्स में विश्व नंबर-2 रैंकिंग हासिल की। यह किसी भी डबल्स वर्ग में किसी भारतीय जोड़ी की अब तक की सर्वोच्च विश्व रैंकिंग है। महिला डबल्स में दिया चितले और यशस्विनी घोरपड़े पहली बार विश्व नंबर-10 पर पहुंचीं, जबकि मिश्रित डबल्स में दिया चितले और मानुष शाह की जोड़ी विश्व नंबर-5 पर काबिज हो गई।

लॉस एंजिल्स ओलंपिक से पहले बढ़ा भरोसा-यह उपलब्धि ऐसे समय आई है, जब लॉस एंजिल्स ओलंपिक-2028 में डबल्स स्पर्धाओं की वापसी होने जा रही है। भारतीय जोड़ियों का मौजूदा प्रदर्शन ओलंपिक तैयारियों के लिहाज से भी अहम माना जा रहा है। चीन, जापान, दक्षिण कोरिया और चीनी ताइपे जैसी पारंपरिक ताकतों के बीच भारत ने डबल्स वर्ग में अपनी मजबूत दावेदारी पेश की है। ताजा रैंकिंग इस बात का संकेत है कि भारतीय टेबल टेनिस अब केवल एकल स्पर्धा तक सीमित नहीं, बल्कि तीनों डबल्स वर्गों में भी विश्व की अग्रणी टीमों को चुनौती देने की स्थिति में पहुंच चुका है।

-प्रतिष्ठित ऑल इंडिया आइपीएससी हैंडबॉल स्पर्धा प्रारंभ

मेजबान एमरल्ड हाइट्स इंटरनेशनल स्कूल का विजयी आगाज

इंदौर : मेजबान एमरल्ड हाइट्स इंटरनेशनल स्कूल ने मध्य प्रदेश की चुनौती को आगे बढ़ाते हुए प्रतिष्ठित ऑल इंडिया आइपीएससी इंटर स्कूल हैंडबॉल टूर्नामेंट में विजयी आगाज किया। इस स्पर्धा में देशभर की टीमें हिस्सा ले रही हैं। बालक वर्ग में हो रही स्पर्धा में अंडर-14, अंडर-17 और अंडर-19 आयु वर्ग में मुकाबले होंगे। इस स्पर्धा में प्रदर्शन के आधार पर इंदौर में ही ऑल इंडिया आइपीएससी टीम का भी गठन किया जाएगा।

राउ स्थित एमरल्ड हाइट्स स्कूल परिसर में आयोजित स्पर्धा का संचालन हैंडबाल के मान्यता प्राप्त रेफरियों के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। स्पर्धा में अंडर-19 आयु वर्ग के पहले मुकाबले में मेजबान मध्य प्रदेश की चुनौती को आगे बढ़ाते हुए एमरल्ड हाइट्स स्कूल ने बड़ी जीत हासिल की। एमरल्ड हाइट्स स्कूल की टक्कर हैदराबाद पब्लिक स्कूल की टीम से हुई। इंदौर के खिलाड़ियों ने आक्रामक खेल दिखाते हुए हैदराबाद की टीम को 14-9 अंकों के बड़े अंतर से पराजित किया। दिन के दूसरे मैच में राजस्थान के बिरला पब्लिक स्कूल पिलानी और मोहाली के यादवेंद्र पब्लिक स्कूल की टक्कर हुई। पिलानी की टीम ने दोगुने अंतर से यह मुकाबला अपने नाम करते हुए मैच को 22-12 अंकों से जीता। दिन के तीसरे लीग मैच में एमरल्ड हाइट्स और मथुरा के डीपीएस टीम के बीच आमना-सामना हुआ। एक बार फिर मेजबान एमरल्ड हाइट्स स्कूल की टीम ने अपने जोरदार खेल से सभी का दिल जीता। इंदौर के युवाओं ने मैच की शुरुआत से ही आक्रमक अंदाज में विपक्षी टीम पर प्रहार किए और मथुरा की टीम को 11-6 अंकों से पराजित किया। अंडर-17 वर्ष बालक वर्ग में पिलानी के बिरला पब्लिक स्कूल पिलानी व हैदराबाद पब्लिक स्कूल के बीच मुकाबला हुआ। पिलानी की टीम ने यह मुकाबला 19-5 से अपने नाम किया। एक अन्य मैच में मोहाली की टीम ने इंदौर के एमरल्ड हाइट्स की टीम को काटे की टक्कर में मात्र एक अंक से 5-4 से पराजित किया।

अपर जिला अधिकारी, अकोला के न्यायालय, अकोला
महाराष्ट्र भूमि राजस्व अधिनियम, 1966 की धारा 247

के अंतर्गत प्रकरण क्रमांकः
(1) आरटीएस-51/गोणापुर /245/2026
(2) आरटीएस-51/गोणापुर /246/2026

प्रति,
भारती केशवराव साठे (विवाह पूर्व नाम)श्रीमती भारती संतोष खंडेलवाल (विवाह के बाद का नाम)
निवासी - गोविंद नगर, खारसा, इंदौर (मध्य प्रदेश)
विषयः न्यायालय में उपस्थित होने संबंधी सूचना
आपको इस द्वारा सूचित किया जाता है कि अपीलकर्ता श्री तिलाबाई केशवराव साठे, निवासी लक्कडगंज, माळीपुरा, अकोला (जिला अकोला) ने महाराष्ट्र भूमि राजस्व अधिनियम, 1966 की धारा 247 के अंतर्गत अपील दायर की है। उक्त अपील के अनुसार यह मामला सुनवाई के लिए निर्धारित किया गया है। अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि आप स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता (वकील) के माध्यम से दिनांक 23 जुलाई 2026 को प्रातः 11:30 बजे इस कार्यालय में उपस्थित होंयदि आप निर्धारित तिथि पर उपस्थित नहीं होते हैं, तो यह मान लिया जाएगा कि आपको इस प्रकरण में कुछ नहीं कहना है, और आपके अनुपस्थित रहने पर उपलब्ध अभिलेखों के आधार पर आगे की कार्यवाही कर दी जाएगी। कृपया इस सूचना को गंभीरता से लें।
(अपर जिला अधिकारी के आदेशानुसार)
दिनांकः 13/07/2026
प्रस्तुतकर्ता (महसूल)
अपर जिला अधिकारी, अकोला